
हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, सोमवार 23 फरवरी 2026
तापमान
अधिकतम 29.8 डिग्री
न्यूनतम 10.4 डिग्री

हिसार बाइपास से गोहाना बाइपास पर चहल इंटरप्राइजिज ने ट्रैफिक लाइटें लगाई हैं, दोनों की लागत 35 से 38 लाख रुपये है।



शीला बाइपास पर लाइट बहलभा कॉपरेटिव सोसायटी ने लगाई, 18 से 20 लाख रुपये लागत आई है।

सेक्टर 14 और जाट भवन पर आशु भाई कॉपरेटिव सोसायटी ने लगाई लाइट, खर्च 35 से 40 लाख रुपये।


जाट भवन पर ऐसे लगता है जाम वाहन टकराने का भी खतरा

## रेड लाइट के परीक्षण में उल्टे पुल्टे सिग्नल से बढ़ी समस्या | चौराहों पर अपनी लेन में नहीं चलने वाले वाहन चालक समस्या की जड़ | गलत तरीके से पार्क किए गए वाहन भी बन रहे जाम का कारण

# जुगाड़ की ट्रैफिक लाइट, जाम का जंक्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

शहर के कुछ चौराहों पर हाल ही में ट्रैफिक लाइटें लगी हैं, लेकिन जिस तरह से इन्हें चलाया जा रहा है, उससे यह सुविधा की जगह असुविधा का सबब बन गई हैं। यही नहीं कुछ चौराहों पर लाइट की वजह से जाम की स्थिति बनने के बाद प्रशासन ने इन लाइटों को बंद भी कर दिया है। असल में ट्रैफिक लाइटें एक खास कॉम्बिनेशन में काम करती हैं। इससे ही ट्रैफिक सुचारू चलता है। अगर किसी वजह से यह कॉम्बिनेशन बदल जाए तो असुविधा होने के साथ ही हादसों का डर भी बना रहता है। रोहतक में न केवल यह कॉम्बिनेशन बदला गया है, बल्कि जुगाड़ बना कर काम चलाया जा रहा है। इतना ही नहीं कुछ चौराहों पर अनावश्यक रूप से अतिरिक्त लाइटें लगाई गई हैं या फिर लाइटों का मुंह ही दूसरी ओर मोड़ दिया है, जिससे भ्रम की स्थिति बन गई है। लाखों की लागत से लगी ये लाइटें अगर ऐसे ही लगी रहीं तो खुद प्रशासन को एक दिन इन्हें बंद करना पड़ सकता है।

### केस-1 एमडीयू गेट-1 चौराहा

यहां से दिल्ली रोड की ओर, दिल्ली रोड से शहर की ओर, एमडीयू की ओर व सेक्टर 14 की ओर रास्ता जाता है। इस चौक पर ट्रैफिक लाइट लगी हैं। हाल ही में इसका सौंदर्यीकरण भी हुआ है, जिससे यह आकर्षक भी दिख रहा है। यहां पर सेक्टर 14 और एमडीयू के सामने लाइटों को उल्टी दिशा में लगाया गया है। जो भ्रम पैदा करता है।

#### ये है दिक्कत

यदि आप शहर की तरफ से आ रहे हैं और एमडीयू में जाना हो तो आप सीधी और दाहिनी ओर की लाइट ग्रीन होने पर आगे बढ़ेंगे। लेकिन चौक पर 90 डिग्री घूमते ही एमडीयू गेट के सामने दाहिनी ओर लगी बत्ती लाल है, इसकी वजह से आप ठिठक जाएंगे। यह स्थिति आपके पीछे आने वाले वाहनों को भी रोक देगी और हो सकता है कोई आपको टक्कर भी मार दे, क्योंकि दिल्ली की ओर जाने वाली लाइट पर सीधा और दाहिने जाने वाला सिग्नल ग्रीन है। यही स्थिति दिल्ली से आने वाले व सेक्टर 14 की ओर जाने वाले वाहनों के लिए है।

#### जानें... गलती क्या है और कैसे ठीक होगी

वाहन चालकों के लिए उनकी बायीं ओर लगा सिग्नल प्रमुख होता है और वे उसके आधार पर ही आगे बढ़ते हैं। सेक्टर 14 और एमडीयू से आने वालों के लिए दोनों ओर सर्किल के बीच में लाइट लगी और यह ठीक है और इससे ही यहां पर ट्रैफिक गाइड होता है। दोनों ओर दाहिनी ओर लगी ट्रैफिक लाइट लगी लाइटें गलत हैं। इन्हें होना ही नहीं चाहिए। दूसरी बात एमडीयू के गेट पर बायीं ओर लगे सिग्नल का मुंह गेट की तरफ होना चाहिए न कि सेक्टर 14 की ओर। इसी तरह सेक्टर 14 के गेट पर बायीं ओर लगे सिग्नल का मुंह सेक्टर 14 की ओर होना चाहिए न कि दूसरी ओर।

#### चौराहे पर कारों की अवैध पार्किंग भी जाम की वजह

असल में इस चौराहे पर कारों की ठीक करने व डेकोरेट करने वालों की दुकानें होने से कई कारें गलत लगी होती है, जो स्मूथ टैरिफ में बाधा उत्पन्न करती हैं। अगर पुलिस इस ध्यान दे और जाट भवन की ओर जाने वाले वाहनों के लिए प्लास्टिक डिवाइडर लगाए तो समस्या हल हो सकती है। साथ ही गलत लेन में खड़े होने वाले वाहनों पर सख्ती भी की जा सकती है।

#### पुलिस के पास सिग्नल उल्टा करने का बहाना

इस लाइट पर तैनात इंस्पेक्टर ने इस बारे में बात करने पर बताया कि अगर पहले सिर्फ सीधा सिग्नल शुरू होगा तो जाट भवन की ओर जाने वाले बायीं लेन में आकर रास्ता रोक सकते हैं और जाम की स्थिति बन सकती है। इसीलिए इस सिग्नल को उल्टा किया गया है। हालांकि बीच में ही सिग्नल बंद होने से दायीं ओर जाने वाले वाहन बीच में ही रुक जाते हैं और जाम की स्थिति बन ही जाती है।

### जहां अधिकतम 4 या 6 ट्रैफिक लाइट्स से काम चल सकता है ठेकेदार ने 12 लाइटें लगाई हैं और वो भी उल्टी-पुल्टी। 20 लाख का काम 40 लाख में किया




### केस-2 जाट भवन तिराहा

यहां पर लाइटें ठीक लगी हैं, लेकिन दिल्ली रोड की तरफ से जाट भवन जाने वाला ग्रीन सिग्नल उल्टा है। इससे भी हादसे की आशंका बन जाती है।

#### ये है दिक्कत

अगर आप दिल्ली रोड की तरफ से जाट भवन जाना चाहते हैं तो रेड लाइट के तुरंत बाद ही सीधे शीला बाइपास की ओर व जाट भवन की ओर जाने वाला सिग्नल ग्रीन हो जाता है, लेकिन यहां पर जाट भवन की ओर जाने वाला सिग्नल बिना यलो लाइट के बीच में ही बंद हो जाता है। इससे जाट भवन की ओर जाने वाले को पूर्वाभास नहीं हो पाता कि उसका सिग्नल बंद होने वाला है। इसके साथ ही शीला बाइपास का सिग्नल ग्रीन होने से वहां से वाहन तेजी से आगे बढ़ते हैं, जो बीच में आए वाहन से टकरा सकते हैं। नियम के मुताबिक अगर जाट भवन की ओर जाने वाला सिग्नल सीधे सिग्नल के बीच में शुरू हो तो यह दिक्कत खत्म हो सकती है, क्योंकि दोनों सिग्नल साथ बंद होंगे और यलो लाइट आने पर यह भी पता चल जाएगा कि अब लाइट रेड होने वाली है।

## खरावड़ फायरिंग मामले में कई जिलों में पुलिस की दबिश

**रोहतक।** गांव खरावड़ के पास हुई फायरिंग मामले में रोहतक पुलिस ने जांच पड़ताल तेज कर दी है। न केवल जिले में नाकाबंदी कर वाहनों की चेकिंग की जा रही है बल्कि मामले में कई जगह छापेमारी की गई है। साथ ही कई संदिग्धों से पूछताछ की गई है। वहीं पुलिस का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को दबोच लिया जाएगा। सत्यवान की मां ने भी उसकी खोज तेज करने की मांग की है। दो दिन पहले खरावड़ के पास एक गाड़ी लावारिस हालत में खड़ी मिली, जिसके पास खून पड़ा हुआ था। साथ ही गोलियों के खाली खोल भी पड़े हुए थे। लेकिन गाड़ी सवार व्यक्ति गायब था। पुलिस को जांच में पता चला कि गाड़ी गांव खेड़ी साध निवासी सत्यवान के नाम पर है, जो हत्या के मामले में जेल में बंद था और करीब ढाई साल पहले जमानत पर बाहर आया था। पुलिस के मुताबिक सत्यवान ने 2018 में धर्मेंद्र की हत्या की थी। इसी मामले में सत्यवान जेल में सजा काट रहा था।

**मां बोली-कोई मेरे बेटे को ढूंढ़कर लाओ, हमलावरों को काबू करो**

### सांपला में एनएच 9 के गांधरा मोड़ के पास ढाबे पर फायरिंग



**सांपला।** नेशनल हाईवे नंबर 9 गांधरा मोड़ के पास एक ढाबे पर आधी रात को हवाई फायरिंग कर दी गई। ढाबा मालिक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तक तक बदमाश फरार हो गए। बताया गया कि शनिवार की रात करीब साढ़े 11 बजे नेशनल हाईवे नंबर 9 गांधरा मोड़ के पास स्थित एक ढाबे के बाहर एक गाड़ी खड़ी थी। ढाबा मालिक मनीष ने पुलिस को बताया कि वह घर जाने के लिए ढाबे से बाहर निकला तो कार में सवार युवकों ने हवाई फायर किया। उसके बाद आरोपी गाड़ी में सवार होकर फरार हो गए। मनीष मकड़ोली टोल तक गया फिर वापिस ढाबे पर आ कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच कर रही है। पुलिस ढाबे पर लगे सीसीटीवी कैमरे से फुटेज खंगाल रही है।

### बिहार का 10 हजारी चरस तस्कर भुटेली धरा

**रोहतक।** पुलिस का नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान में बड़ी सफलता हासिल हुई है। एचएसएनसीबी की रोहतक यूनिट ने एसटीएफ



भौण्डसी, गुरुग्राम की मदद से 10 हजार के इनामी नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान मनोज उर्फ भुटेली पुत्र भगरासन, निवासी गांव बगहा, जिला गोपालगंज, बिहार के रूप में हुई है। पिछले करीब दो वर्षों से फरार चल रहा था और लगातार पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। आरोपी के खिलाफ 10 मई 2023 को थाना शहर रोहतक में मामला दर्ज किया गया था। वर्ष 2023 में दर्ज इस मामले में अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने उस दौरान 8.100 किलोग्राम चरस बरामद की थी, जो अंतरराजीय स्तर पर तस्करी के नेटवर्क से जुड़ी बताई गई थी।

### 25 फरवरी से शुरू होगी हरियाणा बोर्ड की परीक्षा

## 44 केंद्रों पर 12,500 छात्र देंगे 10वीं-12वीं का इम्तिहान

**रोहतक।** हरियाणा बोर्ड की ओर से जिले में 44 केंद्रों पर 10वीं व 12वीं कक्षा के विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा देंगे। जिला अधिकारियों को ओर से नकल रहित परीक्षा कराने के लिए भरसक प्रयास किए जा रहे हैं जिसमें परीक्षा केंद्रों पर कैमरों की निगरानी की जाएगी। 24 फरवरी को परीक्षा नियंत्रक केंद्रों पर पहुंचेंगे। रोहतक में सरकारी और गैर सरकारी विद्यालयों के 12,500 विद्यार्थी 25 फरवरी से प्रारंभ होने वाली हरियाणा बोर्ड परीक्षा बैठेंगे। 10वीं के करीब 6,500 व 12वीं के करीब 6,000 विद्यार्थी शामिल हैं। परीक्षाएं दोपहर 12:30 से 3:30 बजे की शिफ्ट में आयोजित की जाएंगी। जिला शिक्षा अधिकारी मनजीत मलिक ने बताया कि हरियाणा बोर्ड (एचबीएसई) ने 10वीं-12वीं परीक्षाओं के लिए निर्देश जारी किए हैं। परीक्षाओं को नकल रहित करवाने के लिए भी सख्त कदम उठाए हैं। परीक्षा में गड़बड़ी करने वालों पर सीधी कार्रवाई की जाएगी।

### दिल्ली में फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के संस्करण में अतिथि के रूप में किया आमंत्रित

*सामाजिक कार्यों में कर रही जागरूक*

## फिटनेस के प्रति लोगों को प्रोत्साहित करने वाली साइकिलिस्ट स्वीटी मलिक सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रोहतक

इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम नई दिल्ली में रविवार को भारत सरकार के फिट इंडिया मिशन के तहत आयोजित संडे ऑन साइकिल, अभियान के 62 वे संस्करण में डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल सुनारियां में कार्यरत व सेक्टर 3 की निवासी साइकिलिस्ट स्वीटी मलिक को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। यह इवेंट ईएसआईसी की 75 वीं स्थापना ईयर के उपलक्ष में आयोजित किया गया था। कर्मचारी राज्य बीमा निगम के महानिदेशक अशोक कुमार सिंह ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।


**रोहतक।** स्वीटी मलिक को सम्मानित करते आयोजक।

#### कई क्षेत्रों में कर रही काम

गौरतलब है कि साइक्लिस्ट स्वीटी मलिक पिछले कई वर्षों से खेल के क्षेत्र में ही नहीं बल्कि पर्यावरण संरक्षण, नशा मुक्त हो हमारा भारत, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, आदि अन्य सामाजहित के लिए जागरूकता कर रही हैं।

#### फिट रहेंगे तभी सुपरहिट बनेंगे

स्वीटी मलिक ने युवाओं को बताया कि रोजमर्रा के कार्य साइकिल के द्वारा ही करने चाहिए। हम सब मिलकर स्वस्थ भारत और समर्थ भारत के निर्माण का कार्य कर सकते हैं और जंक फूड की जगह पौष्टिक और स्वदेशी भोजन अपनाए जो मोटापे से निपटने में बहुत लाभदायक है । अगर हम होंगे फिट, तो तभी होंगे सुपरहिट। हरियाणा में भी संडे ऑन साइकिल के कार्यक्रम को स्थानीय स्तर पर फिट इंडिया मिशन के तहत जोर शोर से शुरू किया जाएगा। वहीं उप महानिदेशक (खेलो इंडिया) मयंक श्रीवास्तव भारत ने इस अवसर कहा कि 2030 में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम जो कि हमारे युवाओं को एक नई दिशा देने का काम करेगा और जिसकी मेजबानी भारत करेगा भविष्य के लिए खिलाड़ियों के लिए अनेक रास्ते खोलेगा।



महिलाओं की सुरक्षा पर होगा फोकस

# महम में बनेगा महिला पुलिस थाना

- महिला पुलिस थाना खुलने से महिलाओं के विरुद्ध अपराध में कमी आएगी
- महिलाओं के विरुद्ध अपराध करने वालो लोगों को जल्द ही सलाखों के पीछे भेजा जा सकेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम




महम शहर और आास पास के गांवों रहने वाले लोगों के लिए खास खबर है। अब महम में महिला पुलिस थाना खोला जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा के संबंध में यह सरकार का एक सराहनीय कदम है। महिला पुलिस थाना खुलने से महिलाओं के विरुद्ध अपराध में कमी आएगी। महिलाओं की शिकायतों का समय पर निपटारा हो सकेगा और महिलाओं के विरुद्ध अपराध करने वालो लोगों को जल्द ही सलाखों के पीछे भेजा जा सकेगा। महिलाएं बेझिझक महिला थाने में महिला पुलिसकर्मियों के सामने खुलकर अपनी शिकायत रख सकेंगी। महिला पुलिस की गतिविधियां बढ़ जाने से महिलाओं के खिलाफ अपराध कम होगा। हरियाणा सरकार ने प्रदेश में 7 नए महिला पुलिस थाने खोलने की घोषणा की है। बजट सत्र के पहले दिन राज्यपाल प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने प्रदेश की नायब सरकार का रोडमैप पेश किया, तो यह बात सामने आई। जो नए महिला थाने खोले जाएंगे उनमें महम भी शामिल है। सरकार जो नए 7 महिला थाने खोलेगी उनमें महम, नरवाना, लोहारू, समालखा, बरवाला, रादौर और पेहवा शामिल हैं। हालांकि शहरवासी लंबे समय से महम में शहर थाना बनने का इंतजार कर रहे थे।

### व्यापारियों, दुकानदारों और आम नागरिकों को मिलेगी सुरक्षा

अब तक महम में शहर पुलिस थाना नहीं है। शहर में पुलिस चौकी से ही काम चलाया जा रहा है। यदि महम में शहर थाना बन जाता तो व्यापारियों, दुकानदारों और स्थानीय नागरिकों को काफी राहत मिल जाती। क्योंकि थाना बन जाने से पुलिस बल बढ जाएगा, जिसका केवल शहर पर ही फोकस रहेगा। महम के आस पास उत्तर भारत के कई बड़े बड़े गांव हैं। महम थाने पर इन गांवों में अपराध रोकथाम की जिम्मेवारी है। शहर में पर्याप्त पुलिस बल नहीं है। स्थानीय नागरिकों का कहना है यदि महम में शहर थाना और बन जाए तो सुरक्षा की दृष्टि से लोगों को बहुत बड़ी राहत मिल सकती है।

# महम में बनेंगे नए राजनीतिक समीकरण शमशेर खरकड़ा ले सकते हैं बड़ा फैसला

राज कुमार नरवाल ▶▶| महम

विधानसभा चुनाव से पहले एक समय ऐसा था जब महम में भारतीय जनता पार्टी की जनसभाओं में भीड़ उमड़ती थी। यदि अचानक भी कार्यकर्ता मीटिंग बुलानी पड़ती थी तो तुरंत पार्टी कार्यालय का हॉल खचाखच भर जाता था। लेकिन विधानसभा चुनाव के दौरान एकाएक ऐसे समीकरण बने की महम में भाजपा के पास कार्यकर्ताओं का एकदम अकाल पड़ गया। अब भी महम विधानसभा क्षेत्र में ऐसे हालात हैं कि जब भाजपा का कोई कार्यक्रम होता है तो उसमें कार्यकर्ताओं की भीड़ नहीं जुटती। सत्तासीन पार्टी होते हुए महम में नेताओं को कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटाने में पसीने छूट रहे हैं। यदि महम में कोई मंत्री आता है तो भी कार्यक्रम फीका रहता है। पिछले दिनों महम अनाज मंडी में पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली और मुख्यमंत्री के ओएसडी विरेंद्र बड़खालसा पहुंचे तो वहां पर कुर्सियां खाली रह गई थी।

### महम में नहीं आई सरकारी ग्रांट



शमशेर खरकड़ा से हलका महम के विकास को लेकर बातचीत की गई, तो उन्होंने बताया कि विधानसभा चुनाव के बाद महम में सरकारी ग्रांट नहीं आई। चुनाव से पूर्व उन्होंने भाजपा सरकार में रहते हुए विकास कार्यों के ले लिए 25 करोड़ रुपए मंजूर करवाए थे। उस समय पर मंजूर हुई योजनाओं पर ही अब काम चल रहा है। महम की जनता चुनाव के बाद अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है। विधायक बलराम दांगी का अफसरों पर कोई प्रभाव नहीं है।

स्प्रे से पांच एकड़ फसल हो गई थी तबाह, अधिकारियों को अभी तक नहीं मिली कोई शिकायत

# कीटनाशक कंपनी ने छीछालेदर से बचने के लिए किसान से सांठगांठ करके मामला किया रफा दफा



- विभाग करेगा मामले की जांच, कृषि विशेषज्ञों की सलाह से ही करें रसायनों का प्रयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

फसलों के खरपतवार नाशक समेत दूसरे कीटनाशकों को खत्म करने के लिए किए गए स्प्रे से अगर फसल नष्ट होती है तो उसकी शिकायत कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में करें। ताकि कृषि विभाग मामले की जांच करके किसान के नुकसान की भरपाई के लिए कंपनी को निर्देशित कर सके। किसान ने ये भी ध्यान रखें कि जब वे शिकायत करें तो जिस कंपनी का रसायन है, उसके पक्के बिल साथ में संलग्न करें। ताकि कृषि विभाग कंपनी के प्रतिनिधि को मौके पर बुलाकर उसको नुकसान का निरीक्षण करा सके। अगर किसान के पास बिल नहीं हैं तो फिर वह फसल नष्ट होने का क्लेम नहीं कर सकता है। जिस किसान की फसल नष्ट हुई थी, उसने अभी तक अधिकारियों को इस बारे में लिखित शिकायत नहीं की। ऐसे में अब ये अंदेशा जाहिर किया जा रहा है कि कंपनी ने अपने उत्पाद को छीछालेदर से बचाने के लिए किसान से अंदरखाने सांठगांठ कर ली। सूत्र बताते हैं कि मामला ले देकर रफा-दफा किया जा चुका है। ऐसे में फिर कौन किसान संगठन पीड़ित किसानों का साथ देगा।

### जरूरी था शिकायत करना

जिस उत्पाद से फसल खत्म हुई थी, अगर उसकी शिकायत की जाती तो कृषि विभाग उस पर कार्रवाई करता। विभाग किसानों को ये सलाह देता कि वे उस उत्पाद का प्रयोग खेत में न करें। शिकायत होने के बाद प्रोडेक्ट बनाने वाली कंपनी को कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटने पड़ते तो वे भविष्य में उत्पाद बनाते हुए पूरी सतर्कता बरतते। किसान द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक द्वारा एक कमेटी का गठन किया जाता है। ये कमेटी भी खेत का निरीक्षण करके ये जांच पड़ताल करती है फसल कैसे नष्ट हुई है। कमेटी में रसायन बनाने वाली कंपनी का एक प्रतिनिधि भी शामिल होता है।

### गंभीर समस्या है कीटनाशकों का गलत समय पर छिड़काव

हरियाणा में रसायनों (कीटनाशकों) के अनुचित, अत्यधिक या गलत समय पर छिड़काव से होने वाले फसल नुकसान का कोई एकमुश्त सरकारी आंकड़ा उपलब्ध नहीं है, लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार, यह समस्या काफी गंभीर है। गलत रसायनों और अनुचित मात्रा के कारण हर साल हजारों एकड़ में खड़ी फसलें (जैसे धान, कपास, सब्जियां) प्रभावित होती हैं या नष्ट हो जाती हैं। पिछले दिनों एक किसान की पांच एकड़ गेहूं रसायन का स्प्रे करने से खत्म हो गई। जगदीश ने जिला किसान सभा के पदाधिकारियों को बताया था। इसके बाद पदाधिकारियों ने गत 15 फरवरी को मौके पर जाकर फसल का निरीक्षण किया तो उन्हें पाया कि फसल सौ प्रतिशत खत्म हो चुकी है।

### सावधानी से करें स्प्रे

किसानों के लिए कीटनाशकों का सुरक्षित प्रयोग अनिवार्य है। हमेशा प्रमाणित कीटनाशक का उपयोग करें, पैक पर दी गई जानकारी पढ़ें, दस्ताने, मास्क, और सुरक्षात्मक कपड़े पहनें, हवा की दिशा में ही छिड़काव करें, और सुबह या शाम को ही स्प्रे करें। इससे आप और फसल दोनों सुरक्षित रहेंगे। ध्यान रहे कि कभी भी रसायन विक्रेता की सलाह से रसायनों का प्रयोग खेत में न करें। क्योंकि विक्रेता अपनी कमाई के चक्कर में गलत रसायन किसान को थमा देता है। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप निदेशक डॉ. सुरेंद्र मलिक कहते हैं कि कृषि विशेषज्ञों की सलाह पर ही किसान कीटनाशक समेत दूसरे रसायनों का प्रयोग करें।

## खबर संक्षेप



### हिन्दू सम्मेलन में दिया एकता का संदेश

**सांपला।** रविवार को पुरानी अनाज मंडी में हिन्दू संमेलन हुआ। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में वक्ताओं ने धर्म, संस्कृति और सामाजिक एकता के माध्यम से सशक्त राष्ट्र निर्माण का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ योगेन्द्र मलिक ने अपने ओजस्वी संबोधन में संगठन की शक्ति पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक संगठित और जागरूक समाज ही किसी भी राष्ट्र की प्रगति की आधारशिला होता है।




### राष्ट्रीय हिंदी-हरियाणवी साहित्योत्सव: 40 प्रतिभाओं का सम्मान, 5 पुस्तकों का लोकार्पण

**रोहतक।** निराला साहित्यिक कला मंच रोहतक एवं हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में टिकाना सती भाई साईं दास, कलानौर में भव्य राष्ट्रीय हिंदी-हरियाणवी साहित्योत्सव एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यह आयोजन हिंदी भाषा के प्रचार-प्रसार तथा हरियाणवी बोली और साहित्य को समर्पित रहा, जिसमें देश-प्रदेश के साहित्यकार, विद्वान, भाषाविद और समाजसेवी एक मंच पर एकत्रित हुए।

### बजट सत्र में जॉब सिक्योरिटी बिल के मुद्दे को उठाने की मांग: हुकटा ने विधायक बत्तरा को सौंपा ज्ञापन



**रोहतक।** हरियाणा यूनिवर्सिटीज कॉन्ट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन (हुकटा) के प्रतिनिधिमंडल ने विधायक भारत भूषण बत्तरा को उनके कार्यालय में ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि हरियाणा के समस्त राजकीय विश्वविद्यालयों में कार्यरत लगभग 1400 अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों की सेवा-सुरक्षा (जॉब सिक्योरिटी) के समर्थन में बजट सत्र के दौरान सदन में मुद्दा उठाया जाए तथा जॉब सिक्योरिटी बिल से संबंधित प्रक्रिया को समयबद्ध करवाने हेतु उच्च शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा से प्रश्न पूछा जाए।
विधायक बत्तरा ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि वे अनुबंधित विश्वविद्यालय शिक्षकों की सेवा-सुरक्षा की मांग को सदन में प्रमुखता से उठाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जॉब सिक्योरिटी से संबंधित फाइल की प्रगति एवं समय-निर्धारण को लेकर वे उच्च शिक्षा मंत्री से तारांकित प्रश्न के माध्यम से पहले ही पूछ चुके हैं।

### एनएसएस शिविर में स्वयंसेवकों को भारत की ऐतिहासिक धरोहरों से कराया अवगत

**रोहतक।** वैश्य महाविद्यालय में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर का रविवार को दूसरा दिन रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. फूल सिंह ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और एनएसएस स्वयंसेवकों को आशीर्वाद प्रदान किया। प्रो. संजय गुप्ता ने अपने संबोधन में एनएसएस स्वयंसेवकों की सामाजिक सेवा में भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि आज का युवा यदि सही दिशा में आगे बढ़े तो समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों को भारत की ऐतिहासिक धरोहरों से अवगत कराया गया। देश की आजादी के पश्चात जारी विभिन्न डाक टिकटों की विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें इतिहास से जुड़ी रोचक एवं ज्ञानवर्धक जानकारी साझा की गई।

### ताला तोड़कर मकान से नकदी व आभूषण चुराए

**बहादुरगढ़।** इलाके में चोरी की वारदात लगातार बढ़ रही हैं। मकान पर ताला लगा देखते ही चोर निशाना बना लेते हैं। अब यहां बसंत विहार के एक और मकान में वारदात हुई है। यहां ताले तोड़कर चोर आभूषण व नकदी पर हाथ साफ कर गए। वारदात सतीश के मकान में हुई है। जानकारी के अनुसार, सतीश अपने परिवार सहित भतीजे की शादी में गांव सांपला गए हुए थे। पीछे से मकान बंद था और ताला लगाया गया था। इसी दौरान रात को चोरों ने उनके मकान को निशाना बना लिया। अगली सुबह पड़ोसियों को उनके मकान के गेट पर लगा ताला टूटा नजर आया तो सतीश को सूचना दी गई। सूचना पाकर सतीश अपनी पत्नी सहित मकान पर आए तो हालात देखकर दंग रह गए। अंदर सारा सामान अस्त व्यस्त था। बेड व अलमारी आदि में सामान खंगाला गया था।

### ट्रेन में चढ़ते वक्त जेब से फोन निकाला

**बहादुरगढ़।** रेलवे स्टेशन या ट्रेन में भीड़भाड़ के दौरान सतर्कता बरतते हुए अपने मोबाइल अथवा अन्य सामान का ख्याल रखें। यहां स्टेशन पर चोरी करने वाले शातिर सक्रिय हैं। मौका लगते ही आपके सामान पर हाथ साफ कर सकते हैं। ऐसी ही एक और वारदात यहां रोहतक के निवासी अंशु के साथ हो गई है। जनता कॉलोनी का रहने वाला अंशु रोहतक जाने के लिए बहादुरगढ़ स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक पर खड़ा था। इसी दौरान अवध आसाम गाड़ी आई तो वह उसमें चढ़ने लगा। चढ़ते वक्त भीड़भाड़ अधिक थी। इसी दौरान उसकी जेब से किसी शातिर ने आई फोन 15 निकाल लिया और चंपत हो गया। जब अंशु गाड़ी के अंदर घुसा तो उसे वारदात का पता चला लेकिन देर हो चुकी थी। अब उसने जीआरपी में शिकायत दी है। जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ऐतिहासिक होगा अग्रवाल वैश्य समाज का खुला अधिवेशन : सुभाष



**रोहतक।** अग्रवाल वैश्य समाज हरियाणा का वृंदावन में आयोजित होने वाले प्रदेशस्तरीय खुला अधिवेशन के प्रति वैश्यजनों के उत्साह को देखते हुए ये आयोजन ऐतिहासिक होने जा रहा है। ये जानकारी देते हुए समाज के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सुभाष तायल ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला की अध्यक्षता में आगामी 7 मार्च 2026 को भगवान श्रीकृष्ण की लीलाभूमि वृंदावन के दिल्ली श्रीधाम रुक्मणी विहार में आयोजित होने वाली ये बैठक समाज की एकता, वैचारिक चिंतन और भविष्य की दिशा तय करने की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय चेयरमैन प्रदीप मित्तल, उत्तर प्रदेश व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष रविकांत गर्ग, राष्ट्रीय जनउद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित गुप्ता, बनारसी दास गुप्ता फाउंडेशन के अध्यक्ष अजय गुप्ता, भाजपा नेता पंकज जैन, युवा नेता एवं समाजसेवी नवीन गोयल, उद्योगपति एवं समाजसेवी वासूदेव गर्ग, राष्ट्रीय नवचेतना मंच के अध्यक्ष विजय सोमाणी बतौर अतिथि अपनी उपस्थिति दर्ज करवाएंगे। सुभाष तायल ने बताया कि आयोजन में भागीदारी को लेकर प्रदेश के कोने-कोने से वैश्यजन अपना पंजीकरण सुनिश्चित करवा रहें है। उन्होंने बताया कि इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश महामंत्री पद के लिए संगठन का 9वां द्विवार्षिक चुनाव भी संपन्न करवाया जाएगा। प्रतिभागियों को वृंदावन धाम के प्रमुख धार्मिक एवं ऐतिहासिक स्थलों के दर्शन भी करवाए जाएंगे।

### नाथ संप्रदाय की तपोभूमि बोहर गांव : डॉ. मारकंडेय आहूजा

**रोहतक।** बोहर गांव नाथ संप्रदाय की पावन तपोभूमि है। यहां के ग्रामीणों ने नाथ संतों को आश्रय और स्थान दिया, जिसके फलस्वरूप उन्होंने विश्वभर में ख्याति अर्जित की। संतों की सिद्धियों और आध्यात्मिक शक्तियों का उल्लेख करते हुए बताया गया कि उनमें अद्भुत दिव्य सामर्थ्य निहित थी। उनके जीवन से जुड़े कई चमत्कारी प्रसंग सुनाए गए, जिन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं को आश्चर्यचकित और प्रेरित किया। हिंदू सम्मेलन में गरिमामयी उपस्थिति में पहुंचे डॉ. मारकंडेय आहूजा ने यह बात कहीं। बोहर बाबा रमेश नाथ का मंदिर परिसर रविवार को हिंदू एकता और सामाजिक जागरण के विराट महासंगम का साक्षी बना। कार्यक्रम का आयोजन श्री बाबा मस्तनाथ आयोजन समिति, बोहर के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का संचालन धर्म सिंह प्रजापत एवं डॉ. रुपेश कुमार द्वारा किया गया। मुख्य वक्ताओं में देवेंद्र (जिला कार्यवाह, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ), डॉ. एनके शर्मा और अनिल भाटिया ने सामाजिक समरसता, राष्ट्र एकता और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने का संदेश दिया।



# कबूलपुर में लोगों ने सुना 'मन की बात' कार्यक्रम, डॉ. अशोक रंगा ने की अध्यक्षता

- पीएम की मन की बात से सामाजिक अभियानों को मिली नई दिशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



जिले के कबूलपुर गांव में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात को लेकर पुरानी चौपाल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा सभी प्रकोष्ट के प्रभारी डॉ अशोक कुमार रंगा ने की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, युवाओं और महिलाओं ने भाग लिया और सामूहिक रूप से प्रधानमंत्री के विचारों को सुना। कार्यक्रम के दौरान मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अशोक कुमार रंगा ने कहा कि 'मन की बात' केवल एक रेडियो कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश के प्रधानमंत्री और आम नागरिकों के बीच संवाद का एक सशक्त माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी देश के लोगों को प्रेरित करने, समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संदेश देते हैं। डॉ. रंगा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने हमेशा समाज के उन लोगों को आगे बढ़ाने की बात की है जो देश के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' से देश में स्वच्छता अभियान, इन लाइन फ्राड से बचाव, पर्यावरण संरक्षण, जल बचाओ जैसे सामाजिक अभियानों को नई दिशा और गति मिली है।

### समचाना गांव में मनाया त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव



**सांपला।** खंड के गांव समचाना गांव में रविवार को प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की और से त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव श्रद्धा, उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं शिव ध्वज फहराने के साथ हुआ। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में शिव स्तुति, नृत्य-नाटिका और आध्यात्मिक संदेशों के माध्यम से शिव शंकर के आध्यात्मिक रहस्य को स्पष्ट किया गया। महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। इस मौके पर मुख्य अतिथि रोहिणी दिल्ली से आई राजयोगिनी राधा बहन का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। उन्होंने बताया कि परमात्मा शिव निराकार ज्योति-बिंदु हैं और राजयोग के माध्यम से उनसे जुड़कर आत्मिक शांति प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम का मुख्य विषय परमात्मा शिव के दिव्य अवतरण तथा दिव्य कर्म रहा। बहन ने संस्था के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 1936 में ब्रह्मा बाबा द्वारा स्थापित यह संस्था आज विश्वभर में आध्यात्मिक ज्ञान का प्रसार कर रही है।

फाइट | रोहतक जिले के मदीना गांव के निवासी है एमएमए फाइटर संग्राम सिंह

# संग्राम सिंह अर्जेंटीना में प्रतिस्पर्धा करने वाले पहले भारतीय बनकर रचेंगे इतिहास

- समुराई फाइट हाउस में लेंगे हिस्सा
- एसएफएच 28 में संग्राम सिंह का फ्रेंच चैलेंजर माटेओ मोंटेइरो से पांच अप्रैल को होगा मुकाबला

रोहित डागर ▶▶| रोहतक




**रोहतक।** एमएमए फाइटर संग्राम सिंह। फोटो : हरिभूमि

भारत के सबसे पहचान योग्य एमएमए खेल आइकन संग्राम सिंह पहली बार अर्जेंटीना की धरती पर कदम रखने की तैयारी कर रहे हैं। पूर्व प्रोफेशनल रेसलर से मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स फाइटर बने संग्राम सिंह 5 अप्रैल को टाइग्रे, ब्यूनस आयर्स, अर्जेंटीना में आयोजित समुराई फाइट हाउस 28 (एसएफएच 28) के मुख्य मुकाबले में उतरेंगे। यह ऐतिहासिक क्षण होगा, क्योंकि पहली बार कोई भारतीय एमएमए फाइटर अर्जेंटीना की धरती पर प्रतिस्पर्धा करेगा। जिले के मदीना गांव निवासी संग्राम का सामना फ्रांस के फाइटर माटेओ मोंटेइरो से होगा।

संग्राम सिंह का प्रोफेशनल रेसलिंग से एमएमए तक का सफर असाधारण रहा है। जॉर्जिया और एम्स्टर्डम में लगातार मुकाबले लड़ते हुए उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर का बहुमूल्य अनुभव हासिल किया है। अर्जेंटीना में पहली बार किसी भारतीय एमएमए फाइटर के प्रतिनिधित्व पर, समुराई फाइट हाउस के अध्यक्ष मार्टिन पाकसियार्ज़ ने कहा संग्राम सिंह समुराई फाइट हाउस के मूल मूल्योंदिल, अनुशासन और विश्व मंच पर प्रतिस्पर्धा करने के साहस का प्रतिनिधित्व करते हैं। वह भारतीय कॉम्बैट स्पोर्ट्स के गर्वित राजदूत हैं और भारत में एमएमए के लिए जो कर रहे हैं, वह ऐतिहासिक है।

### संग्राम को बचपन में थी लाइलाज बीमारी

संग्राम सिंह ने बताया कि बचपन में एक गंभीर बीमारी थी। तीन-साढ़े तीन साल की उम्र में मेरे पैरों में ऐसा दर्द शुरू हुआ कि मैं हाथ से मुंह तक नहीं धो पाता था। कच्चा घर था, कमजोर सेहत थी, पेट में कीड़े थे। दवाइयों का भी असर नहीं होता था। डॉक्टरों ने कहा था कि मैं ज्यादा दिन नहीं जी पाऊंगा और जी भी गया तो चल-फिर नहीं सकूंगा। रुमेटाइड आर्थराइटिस बीमारी लगभग लाइलाज मानी जाती है। डॉक्टरों ने मना किया कि इस बच्चे की मालिश मत करो, हड्डियां टूट सकती हैं। उन्होंने कहा कि मेरी मां ने हार नहीं मानी। मां दिन में 15 बार मालिश करती थीं।

**40 की उम्र में भाग लेने वाले पहले फाइटर संग्राम सिंह**

संग्राम सिंह विश्व के पहले फाइटर हैं जिन्होंने 40 साल की आयु में एमएमए में भाग लिया है और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एमएमए फाइट जीतने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान बनकर इतिहास रचा था। तिब्लिसी जॉर्जिया में गामा इंटरनेशनल फाइटिंग चैंपियनशिप में सिंह की अभूतपूर्व एमएमए की शुरुआत, जहाँ उन्होंने पाकिस्तानी फाइटर के विरुद्ध केवल 90 सेकंड में जीत हासिल की थी और रिकॉर्ड बनाया था।

**लोगों ने कहा कि रेसलिंग और एमएमए अलग दुनिया हैं**

संग्राम सिंह ने कहा जब मैंने एमएमए की शुरुआत की, तो लोगों ने कहा कि रेसलिंग और एमएमए अलग दुनिया हैं। लेकिन मुझे विश्वास था कि मैट पर सीखी गई अनुशासन, फिटनेस और योद्धा भावना को केज में भी उतारा जा सकता है और मैंने इसे साबित किया है। यूरोप और जॉर्जिया में लड़े गए हर अंतरराष्ट्रीय मुकाबले ने मुझे और अधिक परिपक्व और संपूर्ण फाइटर बनाया है। अर्जेंटीना में एसएफएच 28 का हिस्सा बनना और दक्षिण अमेरिकी दर्शकों के सामने उतरना मेरे लिए गर्व की बात है।

## नगर में आज

- वैश्य कॉलेज में एनएसएस शिविर सुबह 10 बजे
- आंबेडकर चौक पर रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे
- बाबा मस्तनाथ मठ के मेले का पहला दिन।

## खबर संक्षेप



### फिट निगाना यूथ क्लब ने लगाया रक्तदान शिविर

**कलानौर।** गांव निगाना में फिट निगाना यूथ क्लब की ओर से एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नवीन गोयल, आजाद बुधवार एवं समाजसेवी अनूप भाली, अभियान से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर में सहित आसपास के गांव कलानौर कटैसरा , काहनौर और गुढान से बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। महिलाओं ने भी बढ़-चढ़कर रक्तदान किया।

### सेस्टोबॉल इंटरनेशनल चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

**रोहतक।** भारत ने दुबई इंटरनेशनल चैंपियनशिप सेस्टोबॉल में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता।



मनोज राठी।

इसमें रोहतक के मनोज राठी ने टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। प्रतियोगिता दुबई में आयोजित की गई। अपनी कड़ी मेहनत, अटूट अनुशासन और निरंतर अभ्यास के बल पर उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। मनोज राठी नेकी राम कॉलेज का छात्र है।

# परिवार संस्कारित और संगठित होने पर ही समाज में आएगी समरसता

- घनीपुरा में हिंदू एकता का महासंगम, मंदिर परिसर में उमड़ा जनसैलाब
- समरसता, स्वदेशी और संस्कार पर विशेष जोर, समिति पदाधिकारियों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

घनीपुरा स्थित समाधि बाबा देसराज मंदिर परिसर रविवार को हिंदू एकता और सामाजिक जागरण के विराट महासंगम का साक्षी बना। श्री महादेव हिंदू सम्मेलन समिति के तत्वावधान में आयोजित विशाल हिंदू सम्मेलन में अभूतपूर्व जनसमूह उमड़ा।

मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं, युवाओं, मातृशक्ति और सामाजिक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। पूरे क्षेत्र में उत्साह, अनुशासन और संगठन की अद्भुत मिसाल नजर आई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बलदेव राज ने की। मुख्य अतिथि के रूप में कृष्ण मदान एवं राधा शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। समिति अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता के नेतृत्व में आयोजन को भव्य स्वरूप दिया गया, जबकि व्यवस्था प्रमुख श्री हरीश पाली ने व्यवस्थाओं का कुशल संचालन किया। समिति के सदस्य ललित, एडवोकेट सौरव कुमार, मनीष, राकेश, केशव, हरिओम एवं अशोक ने कार्यक्रम की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।





मुख्य वक्ता के रूप में अर्थशास्त्र की प्राध्यापक एवं प्रांत मातृशक्ति प्रमुख (कुटुंब प्रबोधन) डॉ. दयावती ने अपने ओजस्वी संबोधन से उपस्थित जनसमूह को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि सशक्त परिवार ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है। "जब परिवार संस्कारित और संगठित होंगे, तब समाज में समरसता आएगी और राष्ट्र विश्व में नैतिक नेतृत्व करेगा" डॉ. दयावती ने कहा कि वर्तमान समय में पारिवारिक विघटन और सामाजिक बिखराव को गंभीर चिंता का विषय बताते हुए कुटुंब प्रबोधन को भारतीय संस्कृति का मूल तत्व बताया। उन्होंने नई पीढ़ी में सेवा, समर्पण और संस्कार की भावना जागृत करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि माता-पिता, गुरु और समाज के प्रति सम्मान की भावना ही मजबूत राष्ट्र का निर्माण करती है। सामाजिक समरसता पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि जाति, वर्ग और क्षेत्र के नाम पर विभाजन समाज को कमजोर करता है। "हमें भेदभाव से ऊपर उठकर एकजुट, सहयोगी और समरस समाज का निर्माण करना होगा," उन्होंने उपस्थित जनसमूह से आग्रह किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में जागरण और एकता का संदेश फैलाएं।

### स्वदेशी अपनाने का आह्वान


पर्यावरण संरक्षण और स्वदेशी आचरण को समय की आवश्यकता बताते हुए डॉ. दयावती ने कहा कि धरती, जल और वायु की शुद्धता बनाए रखना हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे देश की आर्थिक मजबूती और स्थानीय रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। अपने संबोधन के अंत में उन्होंने जोशीले शब्दों में कहा, "यह समय सोने का नहीं, जागने का है; यह समय बिखरने का नहीं, जुड़ने का है।" उनके उद्बोधन पर पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। सम्मेलन की सफलता पर प्रबंधन समिति द्वारा सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं सहयोगियों का सम्मान किया गया। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करते हैं।

# स्टेट कुश्ती चैंपियनशिप में रोहतक के अमन नरवाल ने पाया पहला स्थान

## दो दिवसीय अंडर-15 प्रतियोगिता संपन्न, विजेताओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

अंडर-15 स्टेट कुश्ती चैंपियनशिप का रविवार को समापन हुआ । यह प्रतियोगिता लाढौत में देशवाल भवन में आयोजित की गई। 75 किलो भार वर्ग अमन नरवाल रोहतक ने पहला, शुभम चिल्लर झज्जर ने दूसरा और विशु रोहतक व विशेष सोनीपत ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। रेसलिंग हरियाणा संघ के प्रधान रमेश बोहर के निर्देशन में दो दिवसीय अंडर 15 स्टेट चैंपियनशिप का आयोजन हुआ। दूसरे दिन का खेलों का उद्घाटन एसपी सुरेंद्र भौरिया ने किया। हरियाणा कुश्ती संघ के अध्यक्ष रमेश बोहर व एसपी सुरेंद्र भौरिया ने विजता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इसमें लगभग 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया। यह प्रतियोगिता भारतीय कुश्ती संघ व कुश्ती हरियाणा संघ के ऑफिशल के द्वारा नियमों के अनुसार निष्पक्ष पारदर्शिता के साथ आयोजित की जा रही है। अध्यक्ष रमेश बोहर ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रतियोगिता मौजूद सभी को संबोधित करते हुए नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा सभी को खेलों में भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा खेलों में भाग लेने से शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक मजबूती, अनुशासन और टीम वर्क जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशल विकसित होता है। यह तनाव कम करता है, आत्मविश्वास बढ़ाता है और करियर के नए अवसर खोलता है।



### यह रहे परिणाम

52 किलो भार वर्ग में झज्जर के सावन ने प्रथम, गुरुग्राम के कार्तिक ने द्वितीय, और हिसार के अविराज व चरखी दादरी के रितिक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 57 किलो वर्ग में झज्जर के नितेश पहले, सोनीपत के हर्ष दूसरे, जबकि झज्जर के कुणाल और गुरुग्राम के युवराज सिंह तीसरे स्थान पर रहे। 62 किलो भार वर्ग में झज्जर का दबदबा रहा जहाँ हेमंत प्रथम, वीर द्वितीय और हर्षित तृतीय स्थान पर रहे, साथ ही फरीदाबाद के जतिन नरवाल ने भी तृतीय स्थान हासिल किया। 68 किलो भार वर्ग में झज्जर के अरमान ने प्रथम, सोनीपत के प्रीतिश ने द्वितीय, और झज्जर के ध्रुव दलाल व रेवाड़ी के प्रवेश यादव ने तृतीय स्थान पाया।

# डिघल स्टार्स ने गोयल क्रिकेट क्लब को 42 रन से दी शिकस्त

- रुहिल को मैन ऑफ द मैच और रोमिल अहलावत को मैच का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिले के विश्वकर्मा क्रिकेट ग्राउंड पर खेले गए गोयल विंटर क्रिकेट कप के लीग मुकाबले में डिघल स्टार्स ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोयल क्रिकेट क्लब को 42 रन से पराजित किया। रुहिल को मैन ऑफ द मैच और रोमिल अहलावत को मैच का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ घोषित किया गया। टॉस जीतकर गोयल क्रिकेट क्लब ने पहले गेंदबाज़ी करने का फैसला किया। पहले बल्लेबाज़ी करते हुए डिघल स्टार्स की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 201 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से रुहिल ने विस्फोटक बल्लेबाज़ी करते हुए मात्र 33 गेंदों पर 69 रन बनाए, जिसमें 8 चौके और 4 छक्के शामिल थे। उनके अलावा गौरव पंचाल ने 34 गेंदों पर 52 रन की शानदार पारी खेली। 202 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गोयल क्रिकेट क्लब की टीम की शुरुआत अच्छी रही। दीपांशु भारद्वाज ने 41 गेंदों पर 64 रन की बेहतरीन पारी खेली, जबकि चिराग ने 25 गेंदों पर 40 रन बनाए, लेकिन टीम का जीता नहीं पाए। टीम निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 159 रन ही बना सकी। डिघल स्टार्स की ओर से गेंदबाज़ी में रोमिल अहलावत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 ओवर में 22 रन देकर 5 विकेट झटके। उनके अलावा नसीब ने 4 ओवर में 34 रन देकर 4 विकेट लिए।



**रोहतक।** मैन ऑफ द मैच रोमिल को सम्मानित करता अंपायर।

# लाखन माजरा में तैयार हुए दो सिंथेटिक बास्केटबाल कोर्ट

- रोज 400 खिलाड़ी बहाते हैं यहां पसीना
- कोर्ट का ग्रामीणों ने विधिवत हवन-यज्ञ कर शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

लाखन माजरा और आसपास के क्षेत्र के उभरते बास्केटबॉल खिलाड़ियों के लिए रविवार का दिन नई उम्मीदें लेकर आया। लंबे समय से आधुनिक सुविधाओं का इंतजार कर रहे खिलाड़ियों को अब अभ्यास के लिए बेहतर प्लेटफॉर्म मिल गया है। गांव के खेल मैदान में नवनिर्मित दो सिंथेटिक बास्केटबॉल कोर्ट का ग्रामीणों ने विधिवत हवन-यज्ञ कर शुभारंभ किया।

इन आधुनिक कोर्ट्स का निर्माण सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के कोटे से जारी की गई साढ़े 18 लाख रुपये से अधिक की राशि से किया गया है। बजट के माध्यम से जर्जर हो चुके पुराने पोल और मैदान की हालत को सुधारते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर की तर्ज पर दो सिंथेटिक कोर्ट तैयार किए गए हैं। लाखन माजरा का खेल मैदान केवल स्थानीय ही नहीं, बल्कि आसपास के दर्जनों गांवों के खिलाड़ियों के लिए अभ्यास का केंद्र है। प्रतिदिन लगभग 400 खिलाड़ी यहाँ पसीना बहाते हैं। अभी तक इंडोर हॉल और आधुनिक सुविधाओं के अभाव में खिलाड़ियों को टूटे हुए पोल और खराब मैदान पर अभ्यास करना पड़ता था। खिलाड़ियों का मानना है कि सिंथेटिक कोर्ट मिलने से अब वे अपनी तकनीक और खेल कौशल को राष्ट्रीय स्तर के मानकों के अनुसार निखार सकेंगे।



**रोहतक।** बॉस्केबॉल कोर्ट में मौजूद खिलाड़ी व ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

# एसीसी महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स भारत ने जीता

- म्हारी छोरी ने चार ओवर में 21 रन देकर दो विकेट लिए

**रोहतक।** एसीसी महिला एशिया कप राइजिंग स्टार्स के फाइनल मैच में भारत ए टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बांग्लादेश ए को 46 से हराकर खिताब अपने नाम किया। इसमें रोहतक ऑलराउंडर सोनिया मेहंदियां ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। सोनिया ने कसी हुई गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 21 रन देकर दो विकेट लिए। इस मैच पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत की टीम ने 20 ओवर में सात विकेट के नुकसान पर 134 रन बनाए थे। भारत की ओर से तेजल हसबिंस ने शानदार 51 रन बनाए। वहीं, कप्तान राधा यादव ने 36 रन बनाए। बांग्लादेश की ओर से फहीमा ने चार विकेट लिए। इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम केवल 88 रन पर ऑलआउट हो गई और भारत ने 46 रन से मैच जीता। भारत की ओर से प्रेमा ने तीन, सोनिया और तनुजा ने दो-दो विकेट लिए। रोहतक की सोनिया ने फरजाना ईस्मिन को आउट करके पहला विकेट लिया। फातिमा जहान के रूप में दूसरा विकेट लिया।



### रोहतक की सोनिया प्लेयर ऑफ द सीरीज

इससे पहले 2025 में खेली गई महिला टी-20 ट्रॉफी में हरियाणा ने जीती थी। इसमें भी सोनिया ने शानदार प्रदर्शन किया था। सोनिया हरियाणा टीम की कप्तान थी। इस प्रतियोगिता में सोनिया को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था। सोनिया ने 9 मैचों में शानदार बल्लेबाजी करते हुए 217 रन बनाए थे। वहीं, कसी हुई गेंदबाजी करते हुए 9 मैचों में 17 विकेट लिए थे।




# गोयनका स्कूल की नई क्रिकेट टीम 'गोयनकन वॉरियर्स' गठित

- भव्य सम्मान समारोह एवं संवाद सत्र आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जीडी गोयनका इंटरनेशनल स्कूल ने खेल क्षेत्र में एक नई पहल करते हुए अपनी नवगठित क्रिकेट टीम गोयनकन वॉरियर्स की आधिकारिक घोषणा की।

इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक भव्य सम्मान (फेलिसिटेशन) समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। इसके पश्चात निदेशक विक्रांत मायना ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी समान महत्व देता है और 'गोएनकन वॉरियर्स' इसी सोच का परिणाम है।

निदेशिका सान्या मायना ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह टीम विद्यार्थियों के आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को नई दिशा देगी। सहायक निदेशक हिमांशु गुप्ता ने आश्वासन दिया कि खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा और प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाएगा।

### खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिह्न दे किया सम्मानित

समारोह में टीम के सभी खिलाड़ियों को पुष्पगुच्छ, प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद संवाद (इंटरएक्शन) सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों और शिक्षकों ने खिलाड़ियों से सीधे बातचीत की। विद्यार्थियों ने अभ्यास दिनचर्या, फिटनेस, मैच के दबाव से निपटने और संतुलित आहार से जुड़े प्रश्न पूछे। खिलाड़ियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि निरंतर अभ्यास, समय प्रबंधन और सकारात्मक सोच सफलता की कुंजी है। शिक्षकों ने खेल और पढ़ाई में संतुलन बनाए रखने पर महत्वपूर्ण सुझाव दिए। संवाद सत्र के दौरान खिलाड़ियों ने युवाओं को खेल भावना, अनुशासन और टीमवर्क का महत्व समझाया तथा कहा कि हार से सीख लेकर आगे बढ़ना ही असली जीत है। कार्यक्रम के अंत में खिलाड़ियों को टीम जर्सी प्रदान की गई और समूह चित्र लिया गया। पूरे विद्यालय परिसर में उत्साह और गर्व का वातावरण रहा। नई टीम 'गोएनकन वॉरियर्स' से भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन की आशा व्यक्त की गई।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

MANSAROVER HOSPITAL
MULTI SUPER SPECIALITY HOSPITAL
NEAR PNB BANK, OPP. VIKAS NAGAR, SONIPAT ROAD, ROHTAK, HARYANA
RECEPTION: 01262-253500, 9053005599, 9254302848
Latest MRI & Multi Slice CT SCAN
- Neuro Surgery
- General Medicine
- General Surgery
- Orthopedics
- ब्रेन, रीढ़ की हडिड्यों का ईलाज
- दूरबीन द्वारा सभी बिमारियों के ऑपरेशन
- पेट, छाती से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज

फौजी भाईयों का इलाज ECHS
- हरियाणा सरकार
- आयुष्मान भारत
- ESIC
के पैनल पर



DR. BALKISHAN GOEL
M.B.B.S, M.S, M.CH.
TRAUMA CENTRE, ICU & CRITICAL CARE
NEURO-ICU, GENERAL ICU, HOU (HIGH DEPENDANCY UNIT) जहर POISIONING CASE
24 HRS LAB/CAFE/PHARACY/AMBULANCE

जय श्री बाला जी महाराज
SHRI BALA JI INSTITUTE OF PARAMEDICAL SCIENCE
DR. S.K. SAINI Director
AUTHORIZED ADMISSION CENTRE OF SUGUNA SCHOOL OF NURSING BANGLORE
BHUVAN SCHOOL OF NURSING, DR. K.T.V. BANGLORE
पिछले 25 वर्षों से लगातार जनसेवा में कार्यरत संस्थान।
सीमित सीटें। पहले आयें- पहले पायें छात्रावास सुविधा उपलब्ध
DIPLOMA IN G.N.M. (MIF)
योग्यता :- 12th किसी भी विषय में) अवधि :- 3½ वर्ष
कुल सीटें :- 60 दाखिला फीस - 25000/year
परीक्षा स्थान :- बैंगलोर
DIPLOMA IN PHARMACY
योग्यता:- 12th साईस अवधि:- 2 वर्ष सीटें :- 60
दाखिला फीस: 25000/- year परीक्षा स्थान :- बैंगलोर
नियमित कक्षायें ऑनलाईन व ऑफलाईन दोनों मोड़ में।
5000 Rs मासिक फीस देकर निश्चित सफलता के साथ कोर्स पूरा करें। आज ही अपने प्रमाष-पत्रों के साथ आकर मिले।
DR. S.K. SAINI (Director)
9254233221
रोहतक:- 41/29, चाणक्य पुरी, शीला सिनेमा के पीछे
बहादुरगढ़ :- पिल्लर नं. 851 के सामने, पुराना बराही रोड पर।
सोनीपत :- HDF C बैंक के सामने, छोटू राम चौक।

In Loving Memory Of



SH. SANDEEP SINGH
(23.11.1965 -23.02.2024)
Two years have passed, the void you left behind remains in silence.
We miss your laughter, your guidance and your warm presence.
Days will pass & turn into years....
but we will always remember you with silent tears.....
Deeply remembered & forever missed by
Anu Singh (Wife)
Sudhir Singh & Vijay (Brother & Bhabhi)
Pragya & Prateek (Daughter & Son In Law)
Rita Hooda & S.k.Hooda (Sister & Jija ji)
Shaurya & Daljeet (Daughter & Son In Law)
Ranjana Singh (Sister)
Pawanveer & Sujata Nephew & Daughter in Law)

## खबर संक्षेप

### बहलबा गांव में खेत से किसान की ट्रॉली चोरी

**महम।** महम थाना क्षेत्र के गांव बहलबा में खेत से एक किसान की ट्रॉली चोरी हो गई। इस संबंध में किसान ने थाना महम में एक शिकायत दी है। पुलिस को दी शिकायत में बहलबा के पाना बुचाण निवासी सुमित पुत्र रणबीर ने बताया कि वह खेती बाड़ी का काम करता है। उसने अपने खेत में चिनाई लगाई हुई है। उसने रात 8 बजे अपने ट्रैक्टर की खाली ट्रॉली अपने खेत में खड़ी की थी। ट्रॉली क्रीम कलर की है और उस पर फूल बने हुए हैं और उसके पिता रणबीर का भी नाम लिखा हुआ है। अगले दिन सुबह उसने साढ़े 8 बजे खेत में जाकर देखा तो उसे उसके ट्रैक्टर की ट्रॉली वहां पर नहीं मिली। कोई व्यक्ति उसकी ट्रॉली को रात के समय चोरी कर ले गया। इस संबंध में पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### एमडीयू में कल विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेल 24 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करेगा। यह कार्यक्रम 24 को सुबह 10 बजे एफडीसी में प्रारंभ होगा। एसोसिएट डीन, रिसर्च एंड डेवलपमेंट प्रो केके शर्मा ने बताया कि महान वैज्ञानिक डॉ. सी. वी. रमन की जयंती को समर्पित इस कार्यक्रम के तहत सीबीटी में रंगोली बनाओ, माइक्रोबायोलॉजी में पोस्टर मेकिंग और सीबीटी में प्रस्ताव लेखन प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया जाएगा।

---

छह माह से परेशानी झेल रहे लोग, दूषित जल पीने को मजबूर

# नल से आ रहा नाली का पानी प्रेम नगर निवासियों में गुस्सा

- गंदे पानी की हो रही सप्लाई, लोगों में फैलने लगी बीमारी
- ठेकेदार की लापरवाही कॉलोनी पर भारी
- प्रशासन से ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

प्रेम नगर में पीने के पानी की समस्या ने विकराल रूप ले लिया है। पिछले 6 महीने से गंदा पानी पीने को मजबूर प्रेम नगर निवासी अब ठेकेदार की लापरवाही से पानी की सप्लाई न आने से परेशान हैं। तंग आकर स्थानीय लोगों ने प्रशासन से ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि एक तरफ जहां सरकार पानी की हर बूंद बचाने के लिए लोगों को जागरूक करने पर लाखों रुपए खर्च कर रही है, वहीं प्रेम नगर में ठेकेदार द्वारा पीने का पानी सड़कों पर बहाया जा रहा है। प्रेम नगर के निवासियों का कहना है कि यहां सड़क पर पानी व्यर्थ बह रहा है पीने का पानी और ठेकेदार द्वारा ढाई फीट का गहरा गड्ढा खोदने के बाद वह गायब हो गया है। लोगों को गंदा पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है, जो उनके स्वास्थ्य के लिए खतरा है।



#### स्वास्थ्य के लिए खतरा

राजेश कुमार ने कहा कि उन्होंने इस समस्या के बारे में कई बार शिकायत की, लेकिन ठेकेदार और जन स्वास्थ्य विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की। उन्होंने कहा कि जन स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही से लोगों को गंदा पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है, जो उनके स्वास्थ्य के लिए खतरा है। उन्होंने बताया कि हमारे बच्चे बीमार पड़ रहे हैं, बुजुर्गों को परेशानी हो रही है। हर घर में कोई न कोई बीमार है। हमें समझ नहीं आ रहा है कि हम क्या करें, क्योंकि विभाग कछुआ गति से कार्य कर रहा है, जिसके चलते 6 माह गंदे पानी की सप्लाई आते बीत चुके हैं। वहीं अब चार दिन से पीने की पानी की सप्लाई को व्यर्थ सड़क पर बहाया जा रहा है और आसपास दो स्कूल होने के चलते वहां पर बच्चों को सड़क पार करने में भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

#### दूषित पानी पीने से पेट की समस्या

प्रेम नगर निवासी संतरा देवी ने बताया कि उनके पति को गंदा पानी पीने से पेट की समस्या हो गई है। हमारे पास इतने पैसे नहीं हैं कि हम हर दिन बोतल बंद पानी खरीदें। हमें मजबूरन गंदा पानी पीना पड़ रहा है। अगर परिवार में किसी सदस्य को गंदा पानी पीने से कुछ हो गया तो वह अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करेंगे। लोगों ने मांग की है कि ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट किया जाए और जन स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि प्रेम नगर में जल्द से जल्द साफ पानी की सप्लाई शुरू की जाए। वहीं जन स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि जल्द ही समस्या का समाधान करवाया जाएगा।

#### सड़कों पर बह रहा गंदा पानी

स्थानीय निवासी राजेश कुमार ने बताया कि पिछले 4 दिन से ठेकेदार की लापरवाही से पीने के पानी की सप्लाई नहीं आ रही है। उन्होंने कहा कि ठेकेदार ने 2.5 फीट गहरा और 4 फीट चौड़ा गड्ढा खोदने में 4 दिन लगा दिए, जिसके कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है और लोगों को चलने में परेशानी हो रही है।

---

# शिवाजी कॉलोनी: पार्क का शौचालय तोड़ सामान उठा ले गए, लोगों में रोष

शरारती तत्वों ने की वारदात

शहीद महावीर पार्क से शौचालय का मेन वॉल्व तक काट ले गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

वार्ड नंबर 20 स्थित शिवाजी कॉलोनी के शहीद महावीर पार्क में नगर निगम द्वारा निर्मित सार्वजनिक शौचालय में अज्ञात लोगों द्वारा तोड़फोड़ किए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद कॉलोनीवासियों में रोष है और उन्होंने नगर निगम प्रशासन से तुरंत मरम्मत करवाने की मांग की है।

जानकारी के अनुसार, दो दिन पहले कुछ शरारती तत्वों ने शौचालय के अंदर घुसकर कई सामान तोड़ दिए और कुछ सामान भी उखाड़कर अपने साथ ले गए। यहां तक कि पानी की सप्लाई के लिए लगा मुख्य वॉल्व भी काटकर ले जाया गया, जिससे शौचालय पूरी तरह अनुपयोगी हो गया है।

पार्क में प्रतिदिन सुबह-शाम बड़ी संख्या में लोग सैर करने आते हैं, जिन्हें अब शौचालय की सुविधा न मिलने से भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुराना हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी जसबीर कुमार ने बताया कि कुछ माह पहले उन्होंने नगर निगम अधिकारियों से संपर्क कर शौचालय की मरम्मत करवाई थी। उस समय शौचालय में कई कमियां थीं, जिन्हें दूर करवाया गया और नया सामान भी डलवाया गया था। कॉलोनी निवासी रमेश कुमार ने बताया कि जब वे सुबह मौके पर पहुंचे तो देखा कि शौचालय के अंदर काफी सामान टूटा पड़ा है और हालात बेहद खराब हैं।





#### नहीं मिली शिकायत

*शरारती तत्वों द्वारा की गई यह घटना बहुत गलत है। अगर इस मामले में हमें शिकायत भी मिली होती तो उस पर जरूर कार्रवाई होती। वहां पर सभी सुविधाएं दोबारा से चालू करवाई जाएगी। आमजन व सैर करने वाले लोगों को परेशान नहीं होने दिया जाएगा।*

*-नमिता कुमारी, संयुक्त आयुक्त, नगर निगम*

#### लोग बोले यह सार्वजनिक संपत्ति

कॉलोनीवासियों का कहना है कि यह सार्वजनिक संपत्ति है और इसे नुकसान पहुंचाना पूरे समाज के साथ अन्याय है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए तथा शौचालय की मरम्मत तुरंत प्रभाव से करवाई जाए। इस अवसर पर रमेश कुमार, जसबीर कुमार, पंकज, गौरव शर्मा, सतीश दुआ, चंचल साहनी, राममूर्ति, करण, हरिमोहन आदि उपस्थित रहे।

#### ज्यादातर शौचालयों में भी नहीं है सुविधा

शहर के ज्यादातर निगम के शौचालयों में सुविधा नहीं है, जिससे आमजन को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। यहीं नहीं बार बार शिकायत करने के बाद यह हालात बने हुए है। लोगों ने बहुत बार ऑनलाइन शिकायत भी की है, लेकिन उसका समाधान नहीं किया गया है। शहर के लघुसचिवालय, दिल्ली बाईपास, बस स्टैंड, गोहाना अड्डा सहित कई बाजारों में स्थित शौचालयों में अक्सर ताले लटके रहते हैं या फिर सामान टूटा हुआ पाया जाता है।

---

# तिलयार झील पर चलाया विशेष स्वच्छता अभियान



- नगर निगम व संत निरंकारी मिशन की संयुक्त पहल, नागरिकों को दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नगर निगम और संत निरंकारी मिशन के संयुक्त तत्वावधान में तिल्यार झील पर विशेष एवं व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया। नगर निगम आयुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य झील परिसर की सफाई के साथ-साथ नागरिकों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करना रहा।

अभियान में मिशन के बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों के साथ नगर निगम के अधिकारी, मुख्य सफाई निरीक्षक व कर्मचारी सक्रिय रूप से शामिल हुए। तिलयार झील परिसर, पाथवे, हरित क्षेत्र और सार्वजनिक स्थलों की गहन सफाई की गई। प्लास्टिक, पॉलिथीन व अन्य ठोस कचरे को एकत्रित कर उचित निस्तारण की व्यवस्था की गई। झील पर घूमने आए लोगों को स्वच्छता बनाए रखने, सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने और जल स्रोतों की सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। आयुक्त डॉ. शर्मा ने कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की निरंतर जिम्मेदारी है। नगर निगम जनसहभागिता के माध्यम से शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। अभियान में मिशन की ओर से हेमंत, रिंकू ठकराल, सुशील व लखविंदर सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे। नागरिकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में सहयोग का आश्वासन दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

---

# एआईडीवाईओ ने बेरोजगारी की समस्या को लेकर किया प्रदर्शन, ज्ञापन भी सौंपा

- मानसरोवर पार्क से डीसी ऑफिस तक नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक




युवा संगठन आल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ आर्गेनाईजेशन (एआईडीवाईओ) ने पदों को जानबूझकर खाली रखने, सभी अभ्यर्थियों को अयोग्य बताने, बढ़ती बेरोजगारी व युवाओं की विभिन्न समस्याओं के खिलाफ मानसरोवर पार्क से डीसी ऑफिस रोहतक तक नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन किया और जिला प्रशासन के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री तथा प्रधानमंत्री को ज्ञापन दिया।

एआईडीवाईओ के प्रदेश अध्यक्ष बलवान सिंह ने कहा कि भर्ती करने के नाम से पदों को खाली छोड़ा जा रहा है। प्रदेश के नौजवानों पर अयोग्य का ठप्पा लगाया जा रहा है। बड़े ही शातिराना ढंग से अस्सिटेंट प्रोफेसर, कंप्यूटर टीचर व अन्य भर्तियों में भारी संख्या में पदों को खाली छोड़ा गया है। यह बेहद ही निंदनीय और चिंताजनक है।

एआईडीवाईओ के जिला संयोजक हरीश सैनी ने कहा कि रोजगार को मौलिक अधिकार बनाया जाए। प्रदेश में लगातार बढ़ती बेरोजगारी और भर्तियों में हो रही अनियमितताओं से युवा वर्ग गहरे असंतोष में है। प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर है। आए दिन पेपर लीक हो रहे है। नए रोजगार सृजन करने की बजाय पदों को खत्म किया जा रहा है। भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता नहीं है जिससे भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिलता है। भर्ती प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी, त्वरित और निःशुल्क बनाया जाए। भर्ती प्रक्रिया को लंबा खींचने की की वजह से अनेक युवाओं की फॉर्म भरने की उम्र निकल जाती है।

#### खाली पदों को शीघ्र भरें

*एआईडीवाईओ ने केंद्र व राज्य सरकार से मांग की कि सरकार को युवाओं की समस्याओं पर गंभीरता से विचार करते हुए खाली पदों को शीघ्र भरे, रोजगार को मौलिक अधिकार का दर्जा दिया जाए, पदों को खाली न छोड़ा जाए, उम्र की सीमा जैसी तमाम बाधाओं को दूर करके सबको रोजगार देना सुनिश्चित किया जाए, पेपर लीक जैसी घटनाओं पर कठोर कार्रवाई की जाए। नशाखोरी व अश्लीलता पर रोक लगाई जाए।*

---

# किसान सभा ने भारत अमेरिका के व्यापार समझौतों का किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

अखिल भारतीय किसान सभा की जिला इकाई ने खरक,नांदल और लाखनमाजरा गांव में रविवार को भारत-अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौतों का विरोध किया है। इसके तहत सभा ने गांवों में सभाएं आयोजित करते हुए केंद्र सरकार से इन कृषि क्षेत्र में हो रहे इन व्यापार समझौतों से पीछे हटने की मांग की है। सभा का मानना है कि ये समझौते देश की कृषि व्यवस्था, खाद्य सुरक्षा और किसानों की आजीविका पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव डालेंगे।

कार्यक्रम में किसान सभा महासचिव सुमित दलाल ने बताया कि यदि केंद्र की मोदी सरकार अमेरिका से होने वाले इन व्यापार समझौतों को अंतिम रूप देती है तो सस्ते कृषि उत्पादों, डेयरी, दालों, कपास, मक्का, सोयाबीन आदि का बड़े पैमाने पर आयात बढ़ेगा। जिससे देश के किसानों को अपनी उपज का लाभकारी मूल्य मिलना और भी कठिन हो जाएगा। पहले से ही बढ़ती लागत, घटते दाम और प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहे किसानों पर यह अतिरिक्त आर्थिक बोझ होगा।

#### सभा की प्रमुख मांगें

- भारत–अमेरिका व्यापार समझौतों पर हस्ताक्षर न किए जाएं
- कृषि क्षेत्र को किसी भी मुक्त व्यापार समझौते से बाहर रखा जाए
- किसानों के हितों की रक्षा के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी सुनिश्चित हो
- किसी भी अंतरराष्ट्रीय समझौते से पहले संसद और किसान संगठनों से व्यापक चर्चा करें
- सरकार के किसान विरोधी निर्णयों के खिलाफ गावों में अभियान जारी रहेगा और 24 फरवरी को कुरुक्षेत्र में संयुक्त

---

### पीरबोधी जमीन मामले में विधायक पर लगाए आरोप

**रोहतक।** गोहाना रोड पर स्थित ऐतिहासिक पीर बोधी तालाब के मुद्दे पर खुद को जमीन के मालिक बताने वाले पक्ष ने कांग्रेस विधायक पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि विधायक उनकी जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं। इस बारे में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पत्र लिखकर उचित कार्रवाई की मांग की गई। पीर बोधी निवासी आनंद सिंह ने बताया कि 12 मार्च 2025 को उनकी जमीन का मुद्दा जोर-शोर से उठाया गया था। जिसके बाद सरकार ने पीर बोधी मामले में जांच के लिए रोहतक मंडलायुक्त की अगुवाई में एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें करनाल मंडलायुक्त और रोहतक जिला उपायुक्त को कमेटी में सदस्य के तौर पर शामिल किया गया। इस कमेटी ने जांच की। उन्होंने बताया यह मामला पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट में लंबित है। इसलिए जब तक हाईकोर्ट से किसी भी प्रकार का अंतिम निर्णय नहीं आ जाता तब तक किसी प्रकार की दखलअंदाजी न किया जाए। उनका कहना है कि वह इस जमीन पर वर्ष 1947 से भी पहले से काबिज हैं और पीढ़ी दर पीढ़ी खेती के साथ-साथ मछली पालन कर अपना गुजर बसर कर रहे हैं।

### इंडस ग्रुप ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स में रचा इतिहास

**रोहतक।** इंडस ग्रुप ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों ने जेईई मेन्स 2026 (सेशन-1) परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम गौरवान्वित किया है। संस्थान के छात्र लोहिताक्ष ने 99.94 परसेंटाइल तथा देवांश अग्रवाल ने 99.2 परसेंटाइल प्राप्त कर शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त अक्षत कोटियाल (98.99), विशेष (98.38), यशद्वीप (97.29), अतिशय जैन (97.2), रोपिंदर सिंह (96.09), अनुशा तायल (95.9), शौर्य (95), कार्तिक नागपाल (95), राघव बंसल (93.56), आदित्य (90.95) और पंकज खटकर(90) ने भी शानदार परिणाम प्राप्त किए। संस्थान के चेयरपर्सन डॉ एकता सिंधु व प्राचार्य दीपक कुमार वशिष्ठ ने सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग से यह सफलता संभव हुई है।

---

मेले के शुभारंभ पर विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान होंगे

23 से 25 तक लगने वाले तीन दिवसीय भव्य मेले की तैयारियां पूरी

# सिद्ध शिरोमणि बाबा मस्तनाथ की पुण्य स्मृति में भव्य मेले का आज से आगाज

- रंग-बिरंगी रोशनी और पुष्प सज्जा के बीच तीन दिवसीय मेला, तैयारियों पर महंत बालकनाथ योगी की नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सिद्ध शिरोमणि श्रीबाबा मस्तनाथ की पुण्यस्मृति में 23 से 25 फरवरी 2026 तक लगने वाले तीन दिवसीय भव्य मेले की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। मेले का आज पहला दिन है। मेले को लेकर श्रद्धालुओं में गहरा उत्साह है और बड़ी संख्या में भक्त बाबा मस्तनाथ जी के दर्शन और आशीर्वाद के लिए पहुंच रहे हैं। मेले के शुभारंभ पर विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठान होंगे। बाबा मस्तनाथ जी की शिक्षाओं और आध्यात्मिक संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रवचन सत्र आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें देशभर के संत-महात्मा, धर्मगुरु और विद्वान शामिल होंगे।




**रोहतक।** महंत बालकनाथ कोठार का निरीक्षण करते हुए। फोटो : हरिभूमि

गद्दीनशीन महंत श्री बाबा मस्तनाथ मठ महंत बालकनाथ योगी ने स्वयं मठ परिसर व मेला का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने समाधि स्थल, मुख्य मंदिर, पंडाल, भंडारा स्थल, पेयजल केंद्र और सुरक्षा प्रबंधों का अवलोकन करते हुए संबंधित सेवादारों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा और सुचारु व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, ताकि मेले के दौरान किसी को असुविधा न हो। इस वर्ष मेले की सजावट विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। प्रवेश द्वार से लेकर मुख्य मंदिर तक भव्य तोरण द्वार, रंगीन ध्वज और पुष्प सज्जा की गई है। पूरा मठ रंग-बिरंगी रोशनियों से आलोकित है, जिससे वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो उठा है। बाबा मस्तनाथ जी की समाधि स्थल को सुगंधित पुष्पों और दीपमालाओं से सुसज्जित किया गया है, जहां श्रद्धालु श्रद्धा से नतमस्तक हो रहे हैं।

#### केसर-बादाम की खीर मुख्य आकर्षण होगी

श्रवण हलवाई ने बताया कि मेहमानों के स्वागत के लिए विशेष व्यंजन तैयार किए जा रहे हैं, जिनमें केसर-बादाम की खीर मुख्य आकर्षण होगी। इसके अलावा आठ प्रकार की मिठाइयां भी प्रसाद के रूप में बनाई जाएंगी। रसोई व्यवस्था के लिए करीब 300 से अधिक लोगों की टीम दिन-रात जुटी हुई है। लगभग 450 बोरी चीनी और 800 टिन घी का उपयोग मिठाइयों व प्रसाद बनाने में किया गया है। आयोजन स्थल पर साफ-सफाई, पेयजल और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रशासनिक अधिकारियों ने भी व्यवस्थाओं का जायजा लिया है।

#### 36 साल से श्रवण हलवाई मेले में बना रहे प्रसाद



बाबा मस्तनाथ मठ के वार्षिक मेले में श्रवण हलवाई पिछले 36 वर्षों से लगातार प्रसाद तैयार करने की सेवा निभा रहे हैं। वे अपनी समर्पित टीम के साथ दिन-रात श्रद्धा भाव से कार्य करते हैं, ताकि मेले में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं को शुद्ध और स्वादिष्ट प्रसाद मिल सके। श्रवण हलवाई का कहना है कि यह उनके लिए केवल काम नहीं, बल्कि गुरु महाराज की कृपा से मिली सेवा है। वर्षों से उनकी मेहनत, अनुशासन और भक्ति भाव मेले की व्यवस्था को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।